Finish 196.5 x 260 mm

# समाज विकास

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का मुखपत्र

• नवम्बर २०१७ • वर्ष ६८ • अंक ११

मूल्य : ₹ १० प्रति, वार्षिक ₹ १००

१७ नवम्बर २०१७ को राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक में पदाधिकारी-सदस्यगण।

समर्पित स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजसेवी स्व. जमनालाल जी बजाज
(०४ नवम्बर १८८९-११ फरवरी १९४२) की जयन्ती पर विनम्र पुष्पांजली!

- उत्कल प्रान्तीय अधिवेशन - (झारसुगुड़ा) - १६ दिसम्बर २०१७
- बिहार प्रान्तीय अधिवेशन - (बेगुसराय) - ६-७ जनवरी २०१८
- पूर्वोत्तर प्रान्तीय अधिवेशन - (गुवाहाटी) १३-१४ जनवरी २०१८

## इस अंक में :

- अध्यक्षीय - वैवाहिक समारोहों में मद्यपान का निषेध हो।
- सम्पादकीय - मारवाड़ी परम्परा के विरुद्ध है मद्यपान।
- केन्द्रीय/प्रांतीय समाचार
- आलेख - वैचारिक शक्ति एवं समाज सुधार।
- विशेष - जमनालाल बजाज जयन्ती।
- विविध - कविता
- नये सदस्यों का स्वागत




Dollar®

# Bigboss

PREMIUM INNERWEAR

## Fit Hai Boss

www.dollarglobal.in | Buy Online: www.dollarshoppe.in | Also available at all leading shopping portals

Dollar products are available in over 800 cities/towns and 100,000 MBOs across India | Govt. Certified STAR EXPORT HOUSE

# समाज विकास

◆ नवम्बर २०१७ ◆ वर्ष ७० ◆ अंक ११
◆ एक प्रति - ₹१० ◆ वार्षिक - ₹१००


## अनुक्रमणिका


| शीर्षक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| ● **सम्पादकीय : सन्तोष सराफ**<br>मारवाड़ी परम्परा के विरुद्ध है मद्यपान | ३ |
| ● **चिट्ठी आई है** | ४ |
| ● **रपट** - वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान/आडम्बर | ५ |
| ● **अध्यक्षीय : प्रह्लाद राय अगरवाला**<br>वैवाहिक समारोहों में मद्यपान निषेध हो | ७ |
| ● प्रान्तीय समाचार | ११ |
| ● **आलेख : शिव कुमार लोहिया**<br>वैचारिक शक्ति एवं समाज सुधार | १३ |
| ● जयन्ती पर विशेष : **जमनालाल बजाज** | १६ |
| ● जीत्यो जी टोडरमल वीर : **रामेश्वर टांटिया** | १७ |
| ● विविध – कविता | १९ |
| ● नए सदस्यों का स्वागत | २७ |



**स्वत्वाधिकारी**

**अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन**

**प्रशासनिक एवं सम्पर्क कार्यालय** : ४बी, डकबैक हाउस, ४१, शेक्सपीयर सरणी, कोलकाता - ७०००१७
**फोन** : ०३३-४००४ ४०८९

पंजीकृत कार्यालय : १५२बी (द्वितीय तल), महात्मा गांधी रोड कोलकाता - ७००००७

◆ email: aimf1935@gmail.com
◆ Website : www.marwarisammelan.com

के लिये श्री भानीराम सुरेका द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित तथा सी.डी.सी. प्रिंटर्स प्रा. लि., ४५, राधानाथ चौधरी रोड, कोलकाता - ७०००१५ से मुद्रित

**संपादक : संतोष सराफ ◆ प्रेरक संपादक : सीताराम शर्मा**
**सम्पादकीय सहयोग : शिव कुमार लोहिया, संजय हरलालका एवं भंवरमल जैसनसरिया**



प्रकाशित रचनाओं से सम्पादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है।


**सम्पादकीय**

## मारवाड़ी परम्परा के विरुद्ध है मद्यपान

**– सन्तोष सराफ**

मारवाड़ी समाज अपनी परम्पराओं पर आधुनिकता का जाने अनजाने में नये नये प्रयोग कर रहा हैं। हमारे रीति-रिवाज देश-काल-परिस्थिति के अनुसार निर्धारित किये गये थे। कुछ ऐसे भी परम्पराएँ है, जिसके पीछे ठोस कारण या हितकारी सोच नीहित है। यह बात समझने की है कि हमारे पूर्वज आज भी अपेक्षा अपना जीवन-यापन अत्यधिक कठिन परिस्थितियों में किया करते थे। फिर भी उनकी जीजिविषा, लगन, विवेक के आगे नतमस्तक हुए बिना नही रहा जा सकता। हमें उनके जीने की कला के बारे में सोचने की आवश्यकता है। आपसी प्रेम, सौहार्द्र, परस्पर सहयोग किसी भी परिस्थितियों में अविचलित रहना, व्यापार मे इमानदारी रखना, परिवार को महत्व देना कुछ ऐसे विशेष गुण थे जिनके कारण मारवाड़ी समाज की एक विशिष्ट पहचान बनी। एक खास बात थी कि हमारा समाज धर्म भीरू था। हम देवी-देवता एवं अपने पितरों का सम्मान करते थे।

आधुनिकता के वर्तमान दौर मे अपरोक्त मापदंड मे हम स्वयं को एक चौराहे पर खड़ा पाते हैं, जहाँ से हमारे रीति-रिवाज मात्र एक ढकोसले के रूप मे रह गये हैं। समाज में व्यक्ति का महत्व उसके चरित्र से नही होकर, इस बात से है कि वह कितने का आसामी है। कहा जाता है कि वुद्धि से तकदीर श्रेयस्कर है। वीरबल कितना ही बुद्धिमान रहा हो, वह राजा नही बन सका। बहुत सी बाते हम जानते हैं कि हमारे लिये अहितकर है, पर हम स्वयं को सयंमित नही कर सकते। जब तक धन है, तब तक सब ठीक है। हालत यहाँ तक पहुँच गई है कि विवाह के अवसर पर हम अपने देवी-देवताओं एवं पितरों का आह्वान करते हैं। इस प्रक्रिया को एक मशीन की तरह निभाया जाता है। हम भावना शून्य होते जा रहे हैं। ऐसे अवसरों पर आयोजित समारोहों में मद्यपान के लिए बड़े सुसज्जित काउंटर खोले जाते है एवं बड़े शान से महंगे में महंगे विदेशी शराब की व्यवस्था की जाती है। कहा जाता है व्यापार के लिये यह सब अत्यावस्यक है। यह सब मन वहलाने की बाते हैं। इन बातों का एक ही अंजाम होता है - वह है नैतिक पतन। देर-सबेर, इसके परिणाम से हम बच नही सकते। मैं सभी समाजबंधुओं से निवेदन करूँगा कि कम से कम वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान निषेध रखें। यह एक अच्छी शुरुआत होगी।

## चिट्ठी आई है

I had the privilege to join the ceremony of felicitation of Mrs. Rajshreeji Birla at G. D. Birla Sabhagar. The ceremony was in itself a step ahead in Sammelan's contributions and acceptance of Marwari community.

Many suggestions were made by distinguished persons. I was very much appealed and carried away by a suggestion of Sri Sitaramji Sharma. His suggestion to avoid big expenditure on wedding invitation card was applauded. I would put further wheels to his suggestion.

Our association should come up with simple yellow cards at a subsidised rate and the community be well informed and requested to use them as a solidarity with the community. This will bring forward a good numbers to use it who are simply victim of the blind race of wasteful expenses. In addition to that, an arrangement for printing can also be arranged at actual cost basis, on demand.

I am very confident that the Community will be immensely benefitted by this act. This may become a first step but a leap forward in direct help and uniformity in community and society.

A few contributories can be called for at the initial stage to make up the subsidised cost.

**- Sharat Jhunjhunwala**
Kolkata

### बड़बोल्यौ

बीजळी रौ बटण अकड़'र
लट्टू नै कह्यौ क—
म्हारै चालबा सूं ही
थारै उजास भरै है
इतराक में झपाकेक
बीजळी फरी गी अंरे
खटका री जीभ
लटक्योड़ी ही रैगी।

**सम्मेलन की पुरस्कार चयन उपसमिति की बैठक**

## नीरज दइया एवं अब्दुल समद राही स्थापना दिवस पर राजस्थानी भाषा सम्मानों से नवाजे जायेंगे

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की पुरस्कार चयन उपसमिति की बैठक गत १४ नवम्बर २०१७ को कोलकाता स्थित सम्मेलन कार्यालय सभागार में सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री प्रह्लाद राय अगरवाला** के सभापतित्व में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम श्री अगरवाला ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया और उसके बाद, कार्यसूची के अनुसार, आगामी स्थापना दिवस समारोह (२५ दिसम्बर २०१७) में सम्मेलन द्वारा दिए जाने वाले सम्मानों हेतु प्राप्त अनुशंसाओं और आवेदनों पर विचार-विमर्श हुआ।

विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, राजस्थानी भाषा-साहित्य की श्रीवृद्धि हेतु स्थापित **'सीताराम रुँगटा राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मान'** बीकानेर (राजस्थान) निवासी **डॉ. नीरज दइया** को एवं राजस्थानी भाषा बाल-साहित्य की श्रीवृद्धि हेतु स्थापित **'केदारनाथ भागीरथी देवी कानोड़िया राजस्थानी भाषा बाल-साहित्य सम्मान'** सोजतशहर (राजस्थान) के **श्री अब्दुल समद राही** को देने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

**मारवाड़ी सम्मेलन राजस्थानी व्यक्तित्व सम्मान-२०१७** के विषय में भी विचार-विमर्श हुआ और यह निर्णय लिया गया कि उपसमिति इस सम्मान हेतु भविष्य में विचार करेगी और उपयुक्त निर्णय लेगी।

बैठक में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षगण **श्री सीताराम शर्मा, डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया, श्री रामअवतार पोद्दार**, उपाध्यक्ष **श्री संतोष सराफ**, महामंत्री **श्री शिव कुमार लोहिया**, संयुक्त महामंत्री **श्री दिनेश जैन**, संगठन मंत्री **श्री संजय हरलालका**, कोषाध्यक्ष **श्री कैलाशपति तोदी**, पूर्व महामंत्री **श्री रतन शाह, सर्वश्री आत्माराम सोन्थलिया, नरेन्द्र तुलस्यान** एवं **ऋषि बागड़ी** उपस्थित थे।

वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान/आडम्बर

## रवि पोद्दार ने प्रस्तुत किया अनुकरणीय उदाहरण

सुप्रसिद्ध उद्योगपति-समाजसेवी एवं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के विशिष्ट संरक्षक सदस्य श्री रवि पोद्दार ने अपनी सुपुत्री सुश्री पूजा के पाणिग्रहण संस्कार के आयोजन में वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान निषेध और आडम्बर पर नियंत्रण का सराहनीय कदम उठाया है।

समारोह में निमंत्रित सम्मेलन के पदाधिकारियों/सदस्यों से ज्ञात हुआ है कि श्री पोद्दार ने परम्परागत 'कुमकुम पत्रिका' भिजवाकर निमंत्रण-पत्र पर होनेवाले अनावश्यक व्यय पर अंकुश लगाया है। उन्होंने २७-२८ नवम्बर २०१७ को आयोजित विवाह समारोह एवं रिसेप्शन् में मद्यपान के पूर्णतः निषेध का भी निर्णय लिया है।

ज्ञातव्य है कि सम्मेलन की सर्वोच्च नीतिनिर्धारक अखिल भारतीय समिति की गत १८ जून २०१७ को राँची में आयोजित बैठक में वैवाहिक समारोहों में मद्यपान निषेध का निर्णय लिया गया था और सम्मेलन विभिन्न माध्यमों से इन आयोजनों में आडम्बर का विरोध एक लम्बे समय से करता आ रहा है।

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन परिवार श्री रवि पोद्दार के इस अनुकरणीय कदम हेतु उन्हें साधुवाद देते हुए सौभाग्यवती पूजा एवं चिरंजीवी सौरभ के सुदीर्घ, सफल, कुसुमित-पल्लवित दाम्पत्य जीवन की मंगलकामना करता है!

हमें बदलते हुए समय के साथ चलना होगा। आज के युग में पर्दा और दहेज जैसी कुप्रथाएँ सहन नहीं की जा सकतीं। युवकों पर तो इस मानसिक और व्यवस्थात्मक क्रान्ति को लाने का मुख्य भार होगा ही। उन्हीं को तो आज की विरासत संभालनी है और उस विरासत में उनको मिलेगी आज की सम्पति और आज की समस्याएँ। यदि वे केवल आज की सम्पति की ही ओर टकटकी लगाए रहें, तो वे न तो उसे बचा पाएंगे और न अपने को। उन्हें समस्याओं को भी अच्छी तरह से देखना तथा समझना है और उनको सुलझाने के लिए कटिबद्ध हो जाना है।

**भूतपूर्व अध्यक्ष स्व. सेठ गोविन्द दास मालपानी**

## वैवाहिक संस्कारों में मदिरा का प्रवेश निषेध हो

**– डाः जे.के. सराफ**

सुन्दर स्वभाव वाली स्त्री पति को सहयोग देकर तीन ऋणों से मुक्त कराती है। स्त्री की सुशीलता और सुखी दाम्पत्य जीवन के लिए यदि विवाहकालिक शुभ मुहूर्त आवश्यक है तो वैवाहिक संस्कार समारोह के आयोजन में सुंदर आचरण और सात्विकता विशेषकर खान-पान और प्रीतिभोज के अनुष्ठानों में धार्मिक दृष्टिकोण भी उतना ही जरूरी है। १६ हिन्दू संस्कारों में विवाह भी एक है। वर्तमान समय में टूटते वैवाहिक रिश्ते, संबन्ध बनाने वाले परिवारों में बढ़ते मनमुटाव का एक कारण यह भी है कि शादियाँ तो शुभ मुहूर्त में सम्पन्न हो जाती हैं लेकिन वैवाहिक समारोह में तामसिक आचरण और खानपान के साथ मद्यपान का प्रचलन भी चल पड़ा है और इसका कुप्रभाव भी जल्द मिलने लगता है। जान-बूझकर रीतियों का उल्लंघन करना मानो अपनी पुत्र-पुत्री को काँटों की शैय्या पर सुलाना है। परिवार के लोगों को यह सोचना भी जरूरी है कि समाज में जो बुराइयाँ इस दशक में घुस गई हैं, उनका उत्तरदायित्व भी अपने ऊपर लेकर इससे छुटकारा पाने की दिशा में खड़े होना है। वैवाहिक जीवन दीर्घायु एवं सुखी और समृद्ध रखने के लिए पूरे वैवाहिक संस्कारों के समापन होने एवं समस्त देवों की बिदाई होने तक शुद्धता से परिवार को रहने से ही देवों का आशीर्वाद मिलने की सम्भावना रहती है। इस समय में मदिरापान एवं धर्म में निषिद्ध कार्य न करें तो निश्चय ही आप देखेंगे कि बच्चों का जीवन सुखमय रहेगा। कुछ धनी लोगों ने आधुनिकता को ही सब कुछ मान लिया है, कुछ अतिसम्पन्न लोगों के शादी समारोहों में शराब और बीयर पार्टियों के लिए अलग से स्टाल सजते हैं, जहाँ वैदिक मन्त्रोचार के बीच और मांगलिक अवसर पर लोग मदहोश रहते हैं। यह सब देखने में भी विजातीय लगता है। आधुनिक खान-पान में विदेशी दखल काफी हो गया है, लिहाजा मेनू में मदिरा का शामिल होना स्वाभाविक हो गया है। विवाह जैसे पवित्र अवसर पर यह पूरी तरह से अनैतिक और समाज के लिए विजातीय है। इन कुरीतियों के खिलाफ न सिर्फ जागरूक होना जरूरी है बल्कि विवाह में मदिरा के प्रवेश पर 'जीरो टालरेन्स' की नीति के लिए संगठित भी होना है।

# FREE SCHOLARSHIP

## MARWARI SAMMELAN FOUNDATION

(A Trust of All India Marwari Federation)

Invites application from the meritorious and needy students of the society for scholarships to pursue Post Graduate Higher Education in the fields of Engineering. Technical, Civil Services, Medicine, Management etc.

**Eligibility :** (A) Meritorious student with excellent academic record between the age of 17-25 years and having secured admission in a recognized educational institution purely on the basis of merit. (B) Annual income of the parents of the candidate should preferably be less than Rs. Three Lakh.

**Procedure** : (A) Application with details of past academic records, proof of admission, parent's income/along with passport size photograph may be submitted duly recommended by any branch of Marwari Sammelan/Associated Organisations. (B) The Scholarship payable per student per year will be a maximum of Rs. Two Lakh only. (C) One or two scholarships per academic year is reserved for girl students.

**Please apply to** : Chairman, Higher Education Committee, All India Marwari Sammelan
4B, Duckback House (4th Floor)
41, Shakespeare Sarani, Kolkata - 700 017
Phone & Fax : (033) 40044089, e-mail: aimf1935@gmail.com

# २००६ में पारित वैवाहिक आचार संहिताः व्यवहार में परिणत कराये सम्मेलन

वैवाहिक समारोहों में फिजूलखर्ची, धन का भौड़ा प्रदर्शन, बेतरतीब नाच-गान और मद्यपान पिछले कई दशकों से एक ज्वलंत समस्या रहे हैं। सम्मेलन के विभिन्न मंचों पर इस विषय पर चर्चाएँ हुई हैं, चिन्तन शिविर आयोजित किए गए हैं, गोष्ठियाँ हुई हैं। आज भी गाहे-बेगाहे यह प्रश्न उठता रहता है।

इस संदर्भ में सन् २००६ में आयोजित एक चिन्तन शिविर उल्लेखनीय है। सम्मेलन के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सीताराम शर्मा की परिकल्पना से ४-५ नवम्बर २००६ को साल्टलेक, कोलकाता स्थित जयनारायण गुप्ता स्मृति भवन में आयोजित इस चिंतन शिविर में सम्मेलन के केन्द्रीय-प्रांतीय पदाधिकारी, महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्षा एवं अन्य पदाधिकारी, युवा मंच के पदाधिकारियों सहित स्थानीय विद्वानों एवं समाजचिंतकों ने शिरकत की। दो दिनो तक गहन विचार-मंथन के बाद एक वैवाहिक आचार-संहिता तय की गयी जो निम्नवत है:

- मिलनी सबकी ४ रुपया, चाँदी छोड़ कागज का रुपया।
- पानी से पापड़ तक अधिकतम २५ व्यंजन का नियम लागू हो।
- विवाह में दोनों पक्ष को मिलाकर यथासंभव सीमित उपस्थिति हो।
- कम खर्च वाले साधारण निमंत्रण पत्र छपने चाहिए।
- सज्जन गोठ बन्द हो।
- नेग का कार्यक्रम एक ही होना चाहिए।
- सगाई/विवाह की मिठाई का खर्च बर पक्ष ही वहन करें।
- बैण्ड, सड़क पर नाच, वैवाहिक समारोहों में शराब का उपयोग वर्जित हो।
- रात्रि के विवाह की बनिस्पत दिन के विवाह को प्राथमिकता दी जाए।

इस आचार-संहिता को सम्मेलन ने यथाशक्ति प्रचारित-प्रसारित किया। प्रांतीय शाखाओं ने भी अपने-अपने स्तर से कदम उठाए। एक विचार-मंच के रूप में सम्मेलन ने अपनी भूमिका निभायी, समाधान तलाशा किन्तु इसको व्यवहार में परिणत करने के लिए पूरे समाज के हर परिवार की भागेदारी जरूरी है।

आज की परिस्थितियों का अगर आप आकलन करें, तो पायेंगे कि कुल मिलाकर स्थिति शुभ नहीं है। आज फिर हमें इस विषय पर विचार करने, समाधान का मार्ग तय करने और सबसे जरूरी सभी को उस मार्ग पर कैसे लाया जा सके, यह सोचना है।

उपर्युक्त के आलोक में प्रांतीय इकाइयों, शाखा सम्मेलनों, समाजचिंतकों से उपरोक्त आचार संहिता को रूपायित करने हेतु पुनर्प्रयास का अनुरोध है।

**डॉ. जुगल किशोर सराफ**
*चेयरमैन,*
*समाज सुधार उपसमिति*

**सीताराम शर्मा**
*पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं*
*चेयरमैन,*
*सलाहकार उपसमिति*

अध्यक्षीय

# वैवाहिक समारोहों में मद्यपान का निषेध हो

– प्रह्लाद राय अगरवाला

राँची में आयोजित अखिल भारतीय समिति में मद्यपान निषेध संबधित प्रस्ताव पारित हुआ था। इस विषय मे आम सहमति बनी थी एवं प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। सभी प्रदेशों के प्रतिनिधियों ने वैवाहिक समारोह में बढ़ते मद्यपान पर चिंता जताई थी। प्रस्ताव पारित होने के पहले भी पिछले तीन-चार वर्षों से सम्मेलन प्रयत्नशील रहा है कि वैवाहिक मांगलिक समारोहों में मद्यपान न हो। विवाह के अवसर पर हम देवों एवं पितरों का आह्वान करते हैं। यह धार्मिक एवं पवित्र अवसर होता है।

पिछले कुछ महिनों में इस विषय पर चौतरफा प्रयास किये जा रहे हैं। सम्मेलन के सभी बैठकों एवं सभाओं में इस विषय पर चर्चा हो रही है। प्रदेशों में केन्द्रीय कार्यालय द्वारा इस विषय पर सार्थक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है। समाचार पत्रों का भी सहयोग मिल रहा है। समय-समय पर इस विषय को समारोहो में प्रमुखता देकर साधारण लोगो में चेतना जागृत करने के लिए महत्वपूर्ण काम किये जा रहे है। इस विषय में सम्मेलन द्वारा कोलकाता के प्रमुख हिन्दी दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन भी दिया गया है। सम्मेलन के संवद्ध संस्थाओं से भी अनुरोध किया गया है कि सभी अपने सदस्यों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाएँ।

देश के विशिष्ट उद्योगपति एवं समाजसेवी सर्वश्री रघु मोदी, सुदर्शन कुमार बिड़ला, महेन्द्र कुमार जालान, बालकृष्ण डालमिया ने सम्मेलन के इस कार्यक्रम को पूर्ण समर्थन देते हुए समाजबंधुओ से अपील की है कि वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान का निषेध करें।

प्रसन्नता की बात है कि इस विषय पर सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ मिल रही हैं। उदाहरण के तौर पर सम्मेलन के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. हरिप्रसाद कानोड़िया ने अपने परिवार में विवाह के अवसर पर वैवाहिक समारोहों मे मद्यपान का निषेध किया। सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री श्री दिनेश जैन ने भी अपने परिवार में विवाह के अवसर पर मद्यपान निषेध रखा। हाल ही में कोलकाता के संभ्रांत पोद्दार परिवार के श्री रवि पोद्दार ने भी न केवल मद्यपान का निषेध किया, वल्कि शादी का पीला कार्ड छपवाकर उदाहरण प्रस्तुत किया।

सम्मेलन के इस कार्यक्रम के फलस्वरूप इस विषय में शनैः-शनैः वैवाहिक कार्यक्रमों मे मद्यपान न करने का जनमानस बन रहा है। मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि इस कार्यक्रम का विस्तार होगा एवं समाज मे व्याप्त इस कुप्रचलन से हम निजात पा सकेंगे। इस विषय मे समाजबंधुओं का सहयोग एवं सहभागिता आवश्यक, अपेक्षित एवं महत्वपूर्ण है।

जय समाज, जय राष्ट्र!


**ALL INDIA MARWARI FEDERATION**

Central Office : Kolkata, e-mail: aimf1935@gmail.com

**सादर निवेदन (पूरे समाज से)**

**समाज हित और अपने परिवार की भावी पीढ़ी को अच्छे संस्कार देने हेतु विवाह-शादी, Reception (दुकाव) में शराब (Alcohol) या Cocktail Party न रखी जाए तो सबका भला होगा। वैवाहिक समारोह एक धार्मिक कृत्य है, जहाँ देवता और पितरों का आह्वान होता है – कृपया उनका अपमान न करें। अतः आपसे सादर निवेदन है कि समाज हित में आप आगे आएँ और इस सत्कार्य में साथ दें। समाज अवश्य आपकी सराहना करेगा। आप समाज के हितैषी बनें।**

# वैवाहिक कार्यक्रमों में मद्यपान निषेध कार्यक्रम पर समाज की प्रतिक्रिया सकारात्मक : सन्तोष सराफ

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय स्थायी समिति की बैठक १७ जुलाई २०१७ को डकबैक हाउस, कोलकाता स्थित सम्मेलन कार्यालय के सभागार में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री संतोष कुमार सराफ के सभापतित्व में आयोजित की गयी।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री संतोष कुमार सराफ ने सभी उपस्थितों का स्वागत किया और सम्मेलन के वर्तमान क्रियाकलापों पर संक्षेप में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र में संगठन विस्तार में बहुत अच्छी प्रगति हुई है, केन्द्रीय सम्मेलन एवं प्रादेशिक शाखाओं को मिलाकर वर्तमान सत्र में लगभग २,६०० नये सदस्य बने हैं। उन्होंने हाल में ही सम्पन्न हुए छत्तीसगढ़ प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पुनर्गठन में राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री संजय हरलालका एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपति तोदी के सक्रिय योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के पुनर्गठन की प्रक्रिया राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल जाजोदिया की देख-रेख में प्रगति पर है। साथ ही, उन्होंने उपस्थित सदस्यों से तमिलनाडु एवं कर्नाटक में प्रादेशिक शाखाओं के पुनर्गठन में हर सम्भव सहयोग का अनुरोध किया। श्री सराफ ने गत दिनों मारवाड़ी सम्मेलन महापंचायत के गठन को एक बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इससे समाज सुधार के क्षेत्र में सम्मेलन के कार्यक्रमों को सहयोग मिलेगा।

श्री सराफ ने गत १६ सितम्बर २०१७ को ज्ञान भारती विद्यापीठ (नीमतल्ला, कोलकाता) में आयोजित संस्कार-संस्कृति चेतना कार्यक्रम का जिक्र किया और कहा कि कार्यक्रम में भाग लेना उनके लिए एक सुखद अनुभव था। उन्होंने कहा कि अगर हम बचपन में ही अपने बच्चों में अच्छे संस्कार डालेंगे तो इसके अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे।

बैठक में राष्ट्रीय स्थायी समिति की पिछली बैठक (१३ जुलाई २०१७; कोलकाता) का कार्यवृत सर्वसम्मति से पारित हुआ। राष्ट्रीय महामंत्री श्री शिव कुमार लोहिया ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन के कार्यकलापों पर 'महामंत्री की रपट' एवं वर्तमान सत्र में स्थायी समिति द्वारा लिए गए निर्णयों पर 'कार्यवाही की रपट' प्रस्तुत की। कार्यसूची के अनुसार उपसमितियों के चेयरमेन/संयोजकों ने अपनी उपसमिति की प्रगति-रपटप्रस्तुत की।

निर्देशिका (डायरेक्टरी) उपसमिति के चेयरमैन श्री ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि नयी निर्देशिका के प्रकाशन हेतु कार्य प्रगति पर है। तथापि कुछ समितियों के

सदस्यों का पूर्ण विवरण/छवि उपलब्ध न होने के कारण विलम्ब हो रहा है। विचार-विमर्श में भाग लेते हुए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रामअवतार पोद्दार ने निर्देशिका प्रकाशन से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि उपलब्ध विवरणों के आधार पर ही निर्देशिका प्रकाशन का कार्य सम्पन्न किया जाये और आगामी स्थापना दिवस समारोह में निर्देशिका का विमोचन हो।

वैवाहिक परिचय उपसमिति के चेयरमैन श्री ऋषि बागड़ी ने बताया कि उपसमिति द्वारा बायो-डाटा का आदान-प्रदान सुचारू रूप से हो रहा है। उन्होंने कहा कि नयी तकनीकों से मदद लेने का यथासम्भव प्रयास किया जाता है और वर्तमान में बायो-डाटा का आदान-प्रदान मुख्यतः हवाटसऐप के माध्यम से किया जाता है।

रोजगार सहायता उपसमिति के चेयरमैन श्री दिनेश जैन ने बताया कि अब तक रोजगार हेतु कुल ५५ आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से ४२ आवेदकों को काम पर रखवाया जा चुका है और ९ आवेदनों पर प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि गत महीनों जिन लोगों को रखवाया गया, उनमें से कई अत्यंत अच्छे पदों पर गए हैं। इनमें से जिन सज्जन

को उच्चतम वेतन पर रखवाया गया उनका वेतन ६० लाख रु. सलाना है।

कार्यसूची के अनुसार, आगामी स्थापना दिवस समारोह के तैयारियों की समीक्षा की गई। समाज विकास के विशेषांक पर चर्चा हुई। सभापति श्री संतोष सराफ ने सभी उपस्थितों से विज्ञापन सहयोग का अनुरोध किया और सभी को विज्ञापन प्रपत्र दिया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के विषय में विचार-विमर्श हुआ और राष्ट्रीय महामंत्री श्री शिव कुमार लोहिया को उपलब्ध सम्भावनाओं पर विचार के बाद प्रस्ताव रखने का दायित्व दिया गया।

कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श के क्रम में, सम्मेलन द्वारा वैवाहिक समारोहों में मद्यपान निषेध के कार्यक्रम और इस सम्बंध में विभिन्न प्रचार-प्रसार माध्यमों से किए जा रहे अनुरोधों पर समाज से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रियाओं पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री संजय हरलालका ने कहा कि सम्मेलन द्वारा समाज सुधारों के प्रयासों के सुपरिणाम दिख रहे हैं। समाज के हर वर्ग ने इसकी सराहना की है और अनुसरण भी कर रहे हैं। विवाह समारोह में महंगे निमंत्रण पत्र की जगह पीले शादी कार्ड छपवाने की अपील का भी असर हुआ है। श्री हरलालका ने बताया कि उद्योगपति-समाजसेवी एवं सम्मेलन के विशिष्टसंरक्षक सदस्य श्री रवि पोद्दार ने इसी माह होने जा रहे अपनी पुत्री के विवाह का निमंत्रण परम्परागत 'कुमकुम पत्रिका' भिजवाकर दिया है। राष्ट्रीय महामंत्री श्री शिव कुमार लोहिया ने बताया कि श्री रवि पोद्दार ने इस विवाह से सम्बंधित कार्यक्रमों में मद्यपान निषेध का निर्णय भी लिया है।

अंत में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री कैलाशपति तोदी ने धन्यवाद-ज्ञापन किया और सभा सम्पन्न हुई। बैठक में पश्चिम बंग प्रादेशिक सम्मेलन के अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल, श्री रामनिवास शर्मा 'चोटिया', श्री राधा किशन सफ्फड़, श्री सन्दीप सेक्सरिया, श्री रवि लोहिया आदि उपस्थित थे।

Apollo HOSPITALS

Apollo Clinic
*Expertise. Closer to you.*

# OWN AND GROW A RECESSION - PROOF BUSINESS WITH LONG TERM POTENTIAL

**Partner with Apollo Clinic as a franchisee and join the Apollo Hospitals Group**

### You can start a business that:

- Is in Healthcare - Fast growing Industry
- Has minimal credit risk
- Enables you to give back to your community

### Apollo Clinic will provide:

- Strong brand name support
- 360° project and operations support
- Integration with the Apollo Network

If you are prepared to invest ₹ 2.5 - ₹ 3 crore, reach out to us and know more about the Apollo Clinic opportunity at
**www.apolloclinic.com/Franchisee_opportunity.aspx**

**Franchisee enquiries are solicited for the following locations:**

**Assam** – Guwahati | Silchar | Jorhat | Nagaon | Tezpur
**Odisha** – Bhubneshwar | Cuttack | Sambalpur | **Chhattisgarh** - Raipur | Bilaspur
**West Bengal** – Kolkata | Asansol | Durgapur | Burdwan | Kharagpur
**Bihar** – Patna | Muzaffarpur | Gaya | **Jharkhand** – Ranchi | Jamshedpur | Dhanbad

To know more about setting up an Apollo Clinic, contact:
**Tarun Gulati - M: +91 90002 17260** E: **tarun.gulati@apollohl.com**
**Amit Keshari - M: +91 8420029966** E: **amit.k@apollohl.com**

# पूर्वोत्तर सम्मेलन ने मनायी राधाकृष्ण खेमका की सौवीं जयन्ती

गत ५ नवम्बर २०१७ को पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा गुवाहाटी के ऋतुराज होटल में स्व. राधाकृष्ण खेमका के जन्म शत-वार्षिकी समारोह का आयोजन किया गया। गौहाटी विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष **डॉ. भुपेन्द्र रायचौधरी** समारोह के मुख्य अतिथि थे। ज्ञातव्य है कि स्व. खेमका असम में मारवाड़ी समाज से पहले विधायक एवं एक समर्पित समाजसेवी थे।

अपने वक्तव्य में मुख्य अतिथि श्री रायचौधरी ने स्व. खेमका को गांधीवादी, कर्मठ नेता, समाज-सुधारक, आदर्श समाजसेवी, असम के गौरव और समाज का संत बताते हुए कहा कि वे निस्वार्थ भाव से सदैव समाज-सेवा में तत्पर रहते थे।

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री मधुसूदन सीकरिया** ने अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि असम में निवास करने वाले मारवाड़ी अपने वाणिज्य व्यवसाय के साथ-साथ असम के सर्वांगीण विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। पूर्वोत्तर सम्मेलन के महामंत्री **श्री प्रमोद तिवाड़ी** ने कहा कि हमें समाज के प्रति समर्पित स्व. खेमका जैसे व्यक्तित्वों का स्मरण रखना चाहिए और इस प्रकार के आयोजन हमेशा करने चाहिए ताकि हमारी भावी पीढ़ी भी हमारे पूर्वजों के अवदानों के विषय में जानकारी प्राप्त कर सके।

समारोह में अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री ओंकारमल अगरवाला**, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण **श्री ओमप्रकाश खण्डेलवाल** एवं **डॉ. श्याम सुन्दर हरलालका**, पूर्वोत्तर सम्मेलन के उपाध्यक्ष **श्री राजकुमार तिवारी**, वरिष्ठ समाजसेवी **श्री प्रभु दयाल जालान**, **सर्वश्री कपूर चंद पाटनी**, **जी. एल. अग्रवाला**, **नवल किशोर मोर**, **रवि शंकर रवि**, **डॉ. दिनेश अग्रवाल**, **अनिल बोरा**, **राम अवतार भरतीया** सहित अनेक गणमान्य सज्जन उपस्थित थे। समारोह का आयोजन **श्री घनश्याम लड़िया** ने किया।

आपस की हमारी फ्रूट पर हमने धर्म की छाप लगा ली है और इस तरह के धार्मिक अन्ध-विश्वासों ने हमको स्वतंत्रता से विचार करने योग्य भी नहीं रखा है। धर्मभीरू होना हम अपने लिए गौरव की बात समझते हैं। धार्मिक और सामाजिक रीति-रिवाजों और रुढ़ियों एवं नाना प्रकार के बन्धनों ने हमें मनुष्यता से गिरा दिया है।

**भूतपूर्व अध्यक्ष**
**स्व. रामगोपाल जी मोहता**

## कामरूप शाखा का परिणय बंधन कार्यक्रम

# आलोचनाओं की परवाह न कर रखें अपने कार्यक्रमों को गतिशीलः मधुसूदन सिकरिया

"सम्मेलन की सभी शाखाएँ अपने-अपने स्तर पर कार्य करती है परन्तु कुछ कार्यक्रम एक मिसाल छोड़ जाते हैं, मील का पत्थर साबित होते हैं। कामरूप शाखा का परिणय बंधन कार्यकमरम उसी श्रेणी में आता है। प्रारम्भ में आलोचनाएँ हुई किन्तु कामरूप शाखा ने अपने कार्यक्रम की गति बनाये रखी और आज इसके सुखद परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं।" ये उद्‌गार हैं पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री मधुसूदन सिकरिया** के जो उन्होंने गत ५ नवम्बर २०१७ को कामरूप शाखा द्वारा आयोजित परिणय बंधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्ति किए।

वैवाहिक डाटा बैंक से सम्बधित वेवसाइट का उद्‌घाटन और एक परिचर्चा भी हुई।

समारोह में, निस्वार्थ भाव से वैवाहिक सम्बंध कराने हेतु स्थानीय समाजसेवियों **सर्वश्री प्रभु दयाल जालान, प्रभु दयाल देवड़ा, सजन जाजोदिया, मदन गर्ग, श्याम सुन्दर लोहिया, विजय मोदी (जोरहाट) एवं अनंतराम वीडियो** को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। **सर्वश्री बंशीधर सरावगी, शिव भगवान शर्मा** और **अजय जैन** के नामों की घोषणा भी इस सम्मान हेतु की गई यद्यपि उपस्थित न होने के कारण उन्हें सम्मानित नहीं किया जा सका।

सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्री ओंकारमल अगरवाला** ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सम्मेलन ने स्त्रीशिक्षा पर हमेशा जोर दिया है तथा बंधन जैसे कार्यक्रम इसका समाधान है।

समारोह के प्रमुख वक्ता के रूप में बोलते हुए दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष **श्री राज कुमार मिश्रा** ने परिणय बंधन कार्यक्रम की संचालन प्रक्रिया के विषय में सविस्तार बताया।

इस अवसर पर **श्री विमल काकड़ा** एवं **श्री रतन अग्रवाल** द्वारा संपादित 'परिणय' नामक स्मारिका का विमोचन,

समारोह के प्रारम्भ में कामरूप शाखा के अध्यक्ष **श्री पवन जाजोदिया** ने स्वागत-वक्तव्य दिया। पूर्वोत्तर सम्मेलन के उपाध्यक्ष **श्री राजकुमार तिवारी**, महामंत्री **श्री प्रमोद तिवाड़ी**, परिणय बंधन संचालन समिति के **श्री जैन मनोज खेमका, श्री प्रदीप जाजोदिया, श्री अशोक अग्रवाल** एवं **श्री बिमल काकड़ा, सर्वश्री ओमप्रकाश दायमा, सुनील शर्मा, अशोक नागौरी, रवि अजीतसरिया, अंजलि कंकानी, हरिप्रसाद गोयनका, कपूरचंद पाटनी** आदि ने भी सभा को सम्बोधित किया। सचिव **श्री नरंजन सिकरीया** के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

# वैचारिक शक्ति एवं समाज सुधार

– शिव कुमार लोहिया
राष्ट्रीय महामंत्री

सोचने की बात है मानव आता है, चला जाता है। राजा का राजपाट शेष हो जाता है। पर विचार कभी नही मरते। गांधीजी ने कहा था – अपने विचारों पर ध्यान रखो। विचारों से शब्द बनते हैं। विचारों के अनुसार व्यवहार एवं कार्य सम्पन्न होते हैं। जैसा व्यवहार एवं कार्य करोगे, वैसी ही आपकी आदत बन जायगी। जैसी आदत होगी, वैसे ही मूल्यबोध होंगे। जैसा आपका मूल्यबोध होगा, वैसा ही भविष्य निर्धारित होगा। इस प्रकार हम समझ सकते हैं कि विचारों का कितना महत्व है।

सामाजिक अवधारणा का अस्तित्व सिर्फ मानव जाति के सोच की उत्पत्ति है। समाज तभी सुदृढ़ होता है, जब इसकी इकाई यानि प्रत्येक व्यक्ति दूसरे के लाभ के लिये त्याग करने को तत्पर रहता है। जिस समाज में व्यक्ति अपने लाभ के लिए दूसरों के हितों की अवहेलना करता है, उस समाज का क्षरण अवश्यम्भावी है। एक दूसरे से सहयोग की प्रवृत्ति से ही समाज पुष्ट होता है। समाज की संरचना एवं उसकी मान्यताएँ सदैव परिमार्जित होते रहते हैं। समय एवं काल के साथ नये विचारों का प्रष्फुटन होता है। कल जो उपयोगी था, आज अनावश्यक में तब्दील हो सकता है। कभी-कभी आधुनिकता एवं वैज्ञानिक प्रगति के कारण भी मापदंड बदल जाते हैं। संचार एवं यातायात के माध्यम में द्रुत अग्रगति के कारण मानव एक-दूसरे से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। भारतीय परम्परा, संस्कृति एवं विचारधारा प्रारम्भ से ही बसुधैवकुट ुम्बकम् मे विश्वास रखती है। फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि प्रत्येक क्षेत्र में भिन्न-भिन्न समाजों की भिन्न-भिन्न मान्यताएँ चली आ रही हैं। उनमें से कुछ रूढ़िवादी या जीर्ण-शीर्ण मान्यताओं एवं रीति-रिवाजों को समय के साथ वदलना आवश्यक हो जाता है। इस बदलाव के लिए समाज की इकाई यानि प्रत्येक व्यक्ति के सोच में बदलाव लाना पड़ता है। इसे वैचारिक क्रांति का स्वरूप भी हम कह सकते हैं। मनुष्य में साधारतः गुण एवं अवगुण दोनो ही विद्यमान रहते हैं। विचारों के मंथन से अपने अवगुणों पर ध्यान देकर हम अपने जीवन को परिष्कृत कर सकते हैं। निरंतर प्रगति मानव-जीवन का लक्ष्य होना चाहिए। जो व्यक्ति स्वयं को सुधारने की बजाय यथास्थिति से संतुष्ट है, वह एक मिथ्याभ्रम पालता है। जब जीवन को उन्नत करना हमारा लक्ष्य रहेगा तो नाना प्रकार के विचारों से हम मुखातिब होंगे। क्रमशः हम सोच की गहराई मे उतरेंगे। शनैः-शनैः हमारी सोच विशुद्ध होती जायेगी। स्वयं के सोच को परखने की शक्ति हमें प्राप्त होने लगेगी। एक विद्वान व्यक्ति ने बताया कि जब मैं युवा था तो विश्व को बदलना चाहता था। मैंने देखा कि विश्व को बदलना बहुत कठिन हैं। इस लिये मैंने मेरे देश को बदलना चाहा। जब मैंने पाया कि मैं देश को नहीं बदल सकता तो मेरा ध्यान मेरे शहर की ओर गया। जब मैं शहर को भी नहीं बदल पाया, मैंने परिवार को बदलने का प्रयास किया। अब बुढ़ापे में मुझे यह समझ में आया कि मैं सिर्फ एक ही चीज बदल सकता हूँ और वह है स्वयं मैं। अगर स्वयं को मैंने प्रथम से ही बदल लिया होता तो मेरे परिवार पर असर पड़ता। मेरे परिवार और मैं तब शहर पर कुछ असर डाल सकते थे। इस प्रकार मैं विश्व में कुछ बदलाव ला सकता था।

हमारी संस्कृति का उद्घोष है – सभी दिशाओं से नये विचारों को आने दो। हमारे मनीषियों ने विचारों की शक्ति को आदिकाल में ही समझ लिया था। हमारी संस्कृति ने मनुष्य के लिए चार पुरुषार्थ की स्थापना की है – धर्म, अर्थ, काम मोक्ष। इन्द्रियों द्वारा भौतिक सुख का भोग हमारी संस्कृति में स्वीकृत है, पर कुछ शर्तों के साथ। उन शर्तों का अतिक्रमण करने पर वे कार्य अधर्म में परिवर्तित हो जाते हैं। अर्थ के विषय में हमारे शास्त्र कहते हैं कि धन नाजायज तरीके से उपार्जन नहीं कर सकते। मनु कहते हैं कि सभी के भलाई का हमें ध्यान रखना है। यही हमारे अर्थशास्त्र का मूलमंत्र होना चाहिए। पूरे मानव जाति के उत्थान के लिये जो अर्थशास्त्र हो वही धर्मसम्मत है। धर्मसम्मत काम एवं अर्थ हमें मोक्ष की ओर ले जाता है। इन शर्तों को मानव अपनी कमजोरियों के कारण लांघ देता है एवं दूसरों पर दोष मढ़ देता है। यथा –

**लक्ष्मण रेखा हमने लांघी**
**कंचनमृग बदनाम हो गया**

सद्भावना एवं संवेदनशीलता के अभाव में समाज लकवाग्रस्त हो जाता है। इस कारण समाज के रीति-रिवाजों एवं मान्यताओं में प्रदूषण की मात्रा बढ़ जाती है। ऐसी स्थिति में समाज में घुटन की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसी हालत में व्यक्ति एक-दूसरे की देखा-देखी यथास्थिति कायम रखने में अपना पूरा जोर लगा देता है। दूरगामी असर को नजरअंदाज कर तत्कालीन लाभ के लिये हम कुछ भी करने को प्रस्तुत

रहते हैं। ऐसी परिस्थिति से निजात पाने के लिए समाज के नेतृत्व पर आगे आने की जिम्मेदारी होती है। समाज में सुधार का कार्य एक निरंतर प्रक्रिया होना चाहिए। गांधी जी ने कहा था – सामाजिक बदलाव की तुलना में राजनैतिक बदलाव अपेक्षाकृत सरल है। समाज सुधार अत्यंत दुरूह एवं समय-सापेक्ष कार्य है। इसका मुख्य कारण है कि समाज का एक बहुत बड़ा तबका इस सामाजिक बदलाव के दौर में सुप्त अवस्था में चला जाता है। यथास्थिति में विश्वास रखनेवालों की संख्या सदैव ही विशाल बहुमत में रहती है। मार्टिन लूथर किंग ने कहा था कि हमारा अस्तित्व इस बात पर निर्भर करता है कि हम सदैव जागृत रहें। नये विचारों के साथ ताल-मेल वैठायें एवं बदलाव की चुनौतियों का सामना करें।

यह देखा गया है कि समाज में कुरीतियाँ अभाव, अंधविश्वास या अंधी दौड़ से पैदा होती हैं। शक्तिशाली वर्ग की अहंतुष्टि की भावना से उत्पन्न होती हैं। इस आग को हवा तब मिलती है जब समाज का कमजोर तबका सुप्त अवस्था में रहता है। इसी परिस्थिति में वैचारिक संस्थाओं की यह जिम्मेदारी बनती है कि समाज में अलख जगाने का भरपूर प्रयास करे। पूर्वजों की तरह समाज में वैचारिक परिवर्तन के द्वारा जड़ समा ज की कुरीतियों से मुक्ति पा जायें तो उस से बढ़ कर समाजसेवा हो नहीं सकती। मानव एक सामाजिक प्राणी होते हुए भी अपना स्वतंत्र अस्तित्व एवं पहचान बनाये रखना चाहता है। इस कारण बदलाव की प्रक्रिया में प्रारम्भ में कुछ लोग ही आगे आते हैं। इस बदलाव या सुधार के रास्ते में काँटे बिछे रहते हैं। इसलिये सावधानीपूर्वक इस कंटक-मार्ग से काँटों को हटाकर हमें बदलाव का मार्ग प्रशस्त करना होगा। इस प्रक्रिया में कुछ वातों का ध्यान देना चाहिए जो इस प्रकार हैं :

१. समाज सुधार का मुख्य उद्देश्य समाज कल्याण होना चाहिये। प्रत्येक समाज सुधार के विचार की उत्पत्ति समाज के जरूरतमंद एवं उपेक्षित लोगों को ध्यान मे रखकर होनी चाहिए। यह प्रक्रिया किसी एहसान की भावना से प्रेरित न होकर पूरे समाज को स्वस्थ एवं खुशहाल बनाने के लक्ष्य से होनी चाहिए।
२. समाज के खुशहाली के लिए प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक संयम एवं कायदे-कानून का पालन स्वेच्छा से करना चाहिए।
३. समाज-सुधार की प्रक्रिया में धैर्य नहीं खोना चाहिए।
४. सभी सुधारों का अर्थ है नवजागरण। इसके लहर में जीर्ण-शीर्ण मान्यताएँ ध्वस्त हो जायेंगी।
५. सुधार की प्रक्रिया को सफल करने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक व्यक्ति सुधार के मापदंड सर्वप्रथम स्वयं पर लागू करे। गांधीजी ने कहा था कि जो बदलाव तुम दूसरों में देखना चाहते हो, पहले उसको अपने जीवन में उतारो।
६. विचारों का कार्यान्वयन करने के लिए कोशिश तब तक जारी रहनी चाहिए, जब तक पूर्ण सफलता न मिल जाये।
७. महात्मा गांधी ने कहा था कि सुधार की बातों का सर्वप्रथम लोग संज्ञान नहीं लेंगे। बाद में आप पर हसेंगे, आपसे संघर्ष करेंगे। अंत मे आप विजयी होंगे।
८. सफलता कभी उतनी सरलता से नहीं मिलने वाली, जितना आप सोचते हैं।
९. यह ध्यान मे रखना होगा कि प्रत्येक व्यक्ति में गुण एवं अवगुण दोनो विद्यमान रहते हैं।
१०. जिस सुधार के लिए आप कार्य कर रहे हैं, उस पर आपकी दृढ़ आस्था होनी चाहिए। मनसा-वाचा-कर्मणा वह विचार आपको स्वीकार्य होना चाहिए।

सद्‌विचार मे प्रेरित सुधार की शक्ति कभी भी सेवाकार्य से अधिक महत्वपूर्ण होती है। जब तक हम इसमें स्वयं को शत-प्रतिशत नही लगायेंगे, अपेक्षित फल की आशा रखना निरर्थक है। समाज में आज अनेक कुरीतियाँ पनप रही हैं। इसके पीछे नवधनाढ्य वर्ग का महत्वपूर्ण हाथ है। आडम्बर, फिजूलखर्ची के विषय में बहुत कुछ लिखा जा सकता है। रिश्तो में खटास, वड़े बुजुर्गों की अवहेलना, बढ़ते तलाक, मांगलिक अवसरों पर मद्यपान का बढ़ता चलन आदि समस्याएँ समाज को पीछे ढकेल रही हैं। समाज आज इनसे ग्रस्त है। परिवार में जिसके पास धन अधिक है, वही सबसे बड़ा भाई है। धन का बोल-बाला है। कूदने के पहले देखने की जगह आँखे बंद कर कूदते रहो वाली बात की प्रबलता है। समाज में समस्याओं का रहना कोई नई बात नहीं है। समाज ने पहले भी विधवा-विवाह, नारी-शिक्षा, पर्दाप्रथा, मृतक-बिरादरीभोज आदि-आदि कुरीतियों से संघर्ष करके निजात पायी है। कोई कारण नहीं कि आज की समस्याओं से हम उबर नहीं सकें। समाज आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है जहाँ समस्याओं से सामना करने की कोई मनस्थिति नहीं दीख रही है। पहले भी हमारे पूर्वज स्वस्थ समाज सौंपने के लिए जिन सुधारों की आवश्यकता महसूस की थी, क्या हम उनसे मुख मोड़ लेंगे? ऐसा हुआ तो यह कायरतापूर्वक घटना होगी। इससे पहले कि परिस्थितियाँ और भी अधिक बिगड़ें, हमें अपने समाज को संभालना है। यह पूरी प्रक्रिया कष्टसाध्य है। जिस प्रकार प्रसव के असह्य पीडा के बाद नयी सृष्टि होती है, उसी प्रकार विचारों के नवजागरण का समय आ चुका है। उस पीड़ा को झेलते हुए समाज मे नवजागरण का सूर्य उदय हो, उसके लिए सभी समाजबंधुओ को मिलकर काम करना है। सुप्त एवं दिशाहीन समाज को जागृत करने एवं दिशा देने से अधिक महत्वपूर्ण सेवा न कोई है और न ही कोई कर सकता।

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभी सदस्यों के सादर ध्यानार्थ

मान्यवर,

अत्यंत हर्ष के साथ सूचित करता हूँ कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्मेलन का स्थापना दिवस समारोह आगामी २५ दिसम्बर २०१७ को शेक्सपीयर सरणी (थियेटर रोड), कोलकाता स्थित कला मंदिर सभागार में सुबह ११ बजे से आयोजित किया गया है।

समारोह में आपकी सपरिवार उपस्थिति सादर प्रार्थित है।

धन्यवाद सहित...

**— शिव कुमार लोहिया**
राष्ट्रीय महामंत्री

## फोड़ा घणा घाले

घटिया पाड़ोस,
बात बात में जोश,
कुठोड़ दुखणियो,
जबान सुं पुरणियो.... फोड़ा घणा घाले।

थोथी हथाई,
पाप री कमाई,
उळझोड़ो सूत,
माथे चढ़ायोड़ो पूत.... फोड़ा घणा घाले।

झूठी शान,
अधुरो ज्ञान,
घर मे कांश,
मिरच्यां री दांस.... फोड़ा घणा घाले।

बिगड़ोडो ऊंट,
भीज्योड़ो ठूंठ,
हिडकियो कदुत्तो,
पग मे काठो जुत्तो.... फोड़ा घणा घाले।

दारू री लत,
टपकती छत,
उँधाले री रात,
बिना रुत री बरसात.... फोड़ा घणा घाले।

कुलखणी लुगाई,
रुळपट जँवाई,
चरित्र माथे दाग,
चिणपणियो सुहाग.... फोड़ा घणा घाले।

चेहरे पर दाद,
जीभ रो स्वाद,
दम री बीमारी,
दो नावाँ री सवारी.... फोड़ा घणा घाले।

अणजाण्यो संबन्ध,
मुँह री दुर्गन्ध,
पुराणों जुकाम,
पैसा वाळा ने 'नाम'.... फोड़ा घणा घाले।

ओछी सोच,
पग री मोच,
कोढ़ मे खाज,
मूरखां रो राज.... फोड़ा घणा घाले।

कम पूंजी रो व्यापार,
घणी देयोड़ी उधार,
बिना विचार्यो काम.... फोड़ा घणा घाले।

जयन्ती पर विशेष

# गांधी जी के पाँचवे पुत्र – जमनालाल बजाज

समाज के लिये यह गर्व की बात है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पाँचवे पुत्र होने का गौरव समाज के ही एक व्यक्ति को प्राप्त है। जमनालालजी का जीवन अनुकरणीय एवं वेमिसाल है। वे सदैव ही धनलाभ से ज्यादा ईमानदारी, शब्दों से ज्यादा कार्य-सम्पादन को एवं व्यक्तिगत लाभ से ज्यादा सार्वजनिक लाभ को महत्व देते थे। जमनालाल जी के पास अपार सम्पत्ति थी, पर वे उस सम्पत्ति के मालिक होने की मानसिकता से उपर उठ गये थे। उनका मानना था कि उद्योग एवं व्यापार में नैतिकता का होना अति आवश्यक है। लक्ष्मी जी का उन्होंने आह्वान किया था की मैं लक्ष्मीदेवी से प्रार्थना करता हूँ कि वे मुझे ईमानदारी से व्यापार करने की वुद्धि दें। मुझे व्यापार मे सफलता एवं उन्नति प्रदान करें एवं उस लाभ से देश एवं पीड़ित मानवता के लाभ के लिए उपयोग करने की मनोवृति दें।"

जमनालालजी वर्धा मे रहते थे, किन्तु उनका जयपुर के पास सीकर जिले मे हुआ पर अपने जीवन मे अंतिम समय में उन्होंने स्वयं को भवकार्यों से अलग कर दिया। वेसक झोपड़ी में रहने लगे एवं गोसेवा मे लग गये। सरलता, सहजता एवं सादा जीवन का मिसाल उन्होंने प्रस्तुत किया। गांधी जी से उनका संबंध अद्वितीय था। गांधी जी ने उन्हें एक पत्र में लिखा था "तुमने अपने को मेरा पांचवा पुत्र बना लिया है। लेकिन मैं तुम्हारा पिता होने के लायक बनने का अभी भी प्रयास कर रहा हूँ। मेरे लिए यह कोई साधारण जिम्मेदारी नहीं है। भगवान मेरी मदद करें ताकि मै इसी जीवन में उस लायक बन सकूँ।"

एक अन्य पत्र मे उन्होंने लिखा था, "जमनालाल जी ने स्वयं को एवं अपने समस्त सम्पत्ति को मेरे लिए समर्पित कर दिया था। मेरी कोई भी ऐसी गतिविधि नहीं है, जिसमें उनका तन-मन-धन से सहयोग मुझे नहीं मिला हो। उनका सहयोग सदैव ही अत्यधिक मूल्यवान साबित हुआ है। जबकी मैंने धनी व्यक्तियों के अपने सम्पत्ति का ट्रस्टी बनने का बात की है तो मेरे मन सदैव ही मुख्यता वह "राजकुमार व्यापारी" ही मेरे दिमाग मे रहा है।"

अगर हम देश के गांधीवादी संस्थाओ का इतिहास देखते हैं, तो पाते हैं कि सेवाग्राम आश्रम, पवनार आश्रम, महिला सेवा मंडल, शिक्षा मंडल, गांधी सेवा संघ, अखिल भारत कृषि गो सेवा संघ, हरिजन सेवक संघ, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति, सस्ता साहित्य मंडल, चरखा संघ, ऑल इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसियेसन एवं अन्य ऐसी संस्थाओं में जमनालाल जी का योगदान किसी न किसी रूप में दिखाई देता है।

राष्ट्रप्रेम जमनालालजी में कूट-कूट कर भरा था। वर्धा मे उन्होंने सत्याग्रह आश्रम की स्थापना की। गांधीजी के सविनय अवश आंदोलन मे सन् १९२१ में उन्होने भाग लिया, नागपुर झंडा सत्याग्रह मे सन् १९२३ में एवं साइमन कमीशन के वहिष्कार आंदोलन में सन् १९२९ में, नमक सत्याग्रह में सन् १९३० मे एवं युद्ध विरोधी आंदोलन में सन् १९४१ में उन्होंने भाग लिया। कई बार उन्होंने जेलों की यातना भी भोगी।

जमनालालजी बजाज का जीवन, उनका योगदान राष्ट्रहित के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उनकी मृत्यु के बाद उनकी पत्नी जानकी देवी ने भी समाजसेवा का अतुलनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। समाज के इस अमर सपूत को उनके जन्मदिन पर हार्दिक पुष्पांजलि।

# जीत्यो जी टोडरमल वीर

**– रामेश्वर टांटिया**

लगभग चार सौ वर्ष पहले की बात है। सम्राट अकबर का शासन था। उसके मन्त्रीमण्डल में नौ मन्त्री थे जिन्हें 'नवरत्न' कहा जाता था। उनमें टोडरमल का विशेष आदरपूर्ण स्थान था। वे वित्त और माल जैसे महत्वपूर्ण विभागों को सम्हालते थे। राज्य के काम से उन्हें प्रायः ही पंजाब, सिंध और काश्मीर को यात्राएँ करनी पड़ती थीं।

आगरा से २०० मील दूर राजस्थान की सीमा पर नारनौल एक कस्बा है, वहाँ अग्रवाल समाज का एक प्रतिष्ठित और धनी परिवार था। टोडरमल का इस परिवार से मैत्री का सम्बन्ध था। वे आते-जाते उनके यहाँ एक-दो दिन आराम करने के लिए ठहर जाते थे।

एक बार, दो-तीन वर्ष तक वे नारनौल नहीं जाये। इस बीच में उस परिवार पर संकट के बादल छा गए। सेठ का देहान्त हो गया, जो धन-सम्पत्ति थी, वह मुनीमों की बदइन्तजामी से समाप्त हो गई। घर में रह गई, विधवा सेठानी और २५ वर्ष का पुत्र।

